# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✸ चाचौड़ा ✸ राघौगढ़ ✸ मुंगावली ✸ चंदेरी ✸ पोहरी ✸ कोलारस ✸ जीरापुर ✸ सारंगपुर ✸ बड़नगर ✸ नागदा भोपाल, 2 मई 2026

## न्यूज कार्नर

### मेंटेनेंस कार्य को लेकर आज बाधित रहेगी बिजली

**जीरापुर।** विद्युत विभाग द्वारा शनिवार 2 मई को 132 केवी उपकेंद्र जीरापुर से निकलने वाले 33 केवी लाइनों का प्रातः 7 बजे से लेकर 11 बजे तक मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के दौरान क्षेत्र के करीब 90 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस आशय की जानकारी मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी उपसंभाग जीरापुर के डीजीएम राहुल ठाकुर ने देते हुए बताया कि 132 केवी उपकेंद्र जीरापुर का 2 मई को मेंटेनेंस कार्य प्रातः 7 से 11 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान छापीहेड़ा, नंदिनी, धतरवदा झाडमऊ, मोहन, राजाहैड़ी, अमलावे एवं आसपास के लगभग 90 गांव की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। आवश्यकतानुसार समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है। ऐसे में उन्होंने इन क्षेत्र के उपभोक्ताओं से बिजली संबंधी अति आवश्यक कार्य पूर्ण कर धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है।

### मंडी में 3 व्यापारियों का 1 ही तौल कांटा, किसान परेशान



**पचोर।** कृषि उपज मंडी में किसानों को इन दिनों भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में खरीदी करने वाले प्रमुख व्यापारी रमेश चंद्र रामचंद्र साहू, अमित कुमार रामचंद्र साहू एवं साहू ट्रेडर्सक के पास केवल एक ही तोल कांटा होने से किसानों को सुबह से शाम तक लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि जब तीन अलग-अलग नामों से व्यापार किया जा रहा है, तो प्रत्येक व्यापारी के लिए अलग-अलग तोल कांटा होना चाहिए। लेकिन वर्तमान में तीनों का माल एक ही कांटे पर तोला जा रहा है, जिससे अव्यवस्था और देरी बढ़ रही है। इससे खासकर छोटे और दूरदराज से आने वाले किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई किसानों ने बताया कि समर्थन मूल्य पर पंजीयन नहीं हो पाने या स्लॉट बुकिंग में दिक्कतों के कारण उन्हें मजबूरी में मंडी में व्यापारियों को उपज बेचनी पड़ रही है।

### झालावाड़ और राजगढ़ एसपी ने लिया जायजा, पुलिस ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी

# कालपीठ क्षेत्र में दिखा कूनो से निकला चीता

जागरण, ब्यावरा





जिले के कालपीठ क्षेत्र में कूनो नेशनल पार्क से निकला एक चीता पहुंचने की सूचना से इलाके में हलचल मच गई है। सुबह करीब 8 बजे देखे गए इस चीते की गतिविधियों पर वन विभाग और पुलिस की टीमें लगातार नजर बनाए हुए हैं, जबकि ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। वही चीते को देखने से जहां लोगों में दहशत का महौल है, वहीं प्रशासनिक टीक की मौजूदगी में लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने चीता की हलचल के फोटो और वीडिया शूट किए।

शिवपुरी स्थित कूनो नेशनल पार्क से निकला एक चीता शुक्रवार सुबह 8 बजे राजगढ़ जिले के कालपीठ क्षेत्र में पहुंच गया। चीते के पहुंचने की तस्वीरें सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने अपने पशुओं और बच्चों को लेकर सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। वहीं अब रात्रि में घरों से बाहन निकलना और अपने काम-काज से देरी से घर आने वाले लोगों के लिए खतरा भी बन गया है। जानकारी के अनुसार, चीता कालपीठ थाने से करीब 300 मीटर दूर एक पेड़ की छांव में आराम करते हुए देखा गया। उसके गले में रेडियो कॉलर लगा हुआ है, जिससे वन विभाग की टीम उसकी लोकेशन और मूवमेंट पर लगातार नजर रख रही है। वहीं कूनो से आया चीता कालीपीठ में दिखाई देने की खबर के बाद प्रशासन अलर्ट पर हो गया है। दिनभर चीता के मूवमेंट पर नजर रखी गई। शाम करीब 4 बजे राजस्थान के झालावाड़ से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। लोगों से अफवाहों से बचने और सुरक्षित दूरी बनाए रखें की सलाह दी है।

**राजस्थान में एक बकरी के बच्चे को बनाया शिकार :** बताया गया है कि गुरुवार को इस चीते ने राजस्थान क्षेत्र में एक बकरी के बच्चे का शिकार किया था। इसके बाद वह राजस्थान के मनोहर थाना क्षेत्र से होते हुए मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में पहुंचा है। वन विभाग की टीम लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर उसे सुरक्षित दिशा में मोड़ने की तैयारी भी कर रही है।

### निगरानी कर रही कूनो की पांच सदस्यीय टीम

चीते की निगरानी के लिए कूनो नेशनल पार्क की पांच सदस्यीय टीम मौके पर मौजूद है। इसके अलावा राजगढ़ के वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवकुमार चौहान, डिप्टी रेंजर राजू गुर्जर, वनरक्षक भानु खिंची और वनपाल अर्जुन मालवीय सहित पुलिस बल भी तैनात है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई दो दोस्तों की मौके पर मौत



**ब्यावरा।** शहर में देर रात ढकोरा जोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सिटी थाना पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान गांगाहोनी निवासी हरीप्रसाद लोधा (35) पुत्र कन्हैयालाल लोधा और मलावर थाना क्षेत्र के तलावड़ा महाराजा निवासी नरेश लोधा (25) पुत्र लालचंद लोधा के रूप में हुई है। बताया गया है कि दोनों दोस्त रात करीब 1 बजे ब्यावरा से अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान ढकोरा जोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भयावह था कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को दोनों का पीएम कराया जाकर शव परिजनों को सौंप दिए गए। दोपहर बाद गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### स्व. फूलसिंह कुशवाह की पुण्यतिथि पर खाटू श्याम मंदिर पर आयोजित हुआ शिविर

## निः शुल्क नेत्र शिविर में 80 मरीजों की हुई जांच

जागरण, ब्यावरा




वरिष्ठ समाजसेवी एवं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रहे स्व. फूलसिंह कुशवाह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में करीब 80 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर में सेवा सदन अस्पताल से आए चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों का परीक्षण किया। जांच के दौरान मोतियाबिंद, दूर दृष्टिदोष और निकट दृष्टि दोष सहित विभिन्न नेत्र रोगों की पहचान की गई। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

यह शिविर राघवम जनकल्याण संस्थान और खुशियों का ओटला के सहयोग से आयोजित किया गया। जांच के बाद मोतियाबिंद के लिए चयनित मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन, चश्मा वितरण और ऑपरेशन के बाद के उपचार हेतु भोपाल भेजा गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने स्व. फूलसिंह कुशवाह को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने उनके सामाजिक एवं धार्मिक योगदान को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जीवनभर जनसेवा के अनेक कार्य किए। जानकारी के अनुसार, कोरोना महामारी के दौरान भी वे निरंतर सेवा कार्यों में सक्रिय रहे और इसी दौरान संक्रमण के चलते उनका निधन हो गया था। उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर सेवा कार्यों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है।

### भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**सुठालिया।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर बीती बुधवार की रात्रि को अल्प प्रवास पर सुठालिया पहुंचे। इस दौरान ब्यावरा रोड मऊ नाका तिराहे पर भाजपा कार्यकर्ता सुनील सरावत, पार्षद आकाश अग्रवाल, पत्रकार कामेश नामदेव, कमलेश साहू, देवेंद्र शर्मा, कमल सिंह पंवार, सरपंच भगवान सिंह सोंधिया, राजेंद्र सिलावट, अनिल परिहार, दिलीप मालवीय, गोविंद शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। वही ब्यावरा रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोधिया व कार्यकर्ताओं ने भी श्री टेलर का पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष आकाश अग्रवाल के निवास पर भी श्री टेलर का गर्मजोशी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन शर्मा ब्यावरा के युवा मोर्चा नेता अजय ठाकुर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम भील, मयूर गुप्ता ब्यावरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरराज लववंशी सहित प्रदेश के जिले के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। वे यहां शाजापुर जिले के भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता की बारात में सम्मिलित होने आए थे।

## मंत्री ने खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जागरण, ब्यावरा



राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार शुक्रवार को ग्राम आगर स्थित गेहूं खरीदी केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री पंवार ने खरीदी प्रक्रिया से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जाए। मंत्री ने केंद्र पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। इस दौरान उन्होंने स्लॉट बुकिंग, गेहूं उपार्जन प्रक्रिया और ओटीपी आधारित भुगतान प्रणाली की जानकारी ली। किसानों ने भी अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि गेहूं उपार्जन की अवधि को बढ़ाकर 9 मई से 25 मई तक कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने खरीदी केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे बैठने की व्यवस्थाएं पेयजल और छाया आदि का भी जायजा लिया। साथ ही उन्होंने अपने सामने गेहूं की तौल कराकर पारदर्शिता की पुष्टि की। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए सभी खरीदी केंद्रों पर छाया और ठंडे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। इस दौरान सरपंच अशोक जाट, राधेश्याम दांगी, गिरिराज लववंशी सहित संबंधित अधिकारी और किसान उपस्थित रहे।

### अवकाश बताकर रोकी तुलाई विरोध के बाद शुरू हुई



**कुरावर।** शुक्रवार को कुरावर-काकरिया मार्ग स्थित प्रिंस वेयरहाउस पर कर्मचारियों ने किसानों के गेहूं से भरे ट्रैक्टरों की तुलाई करने से मना कर दिया। केंद्र पर करीब 13-14 ट्रैक्टर गेहूं लेकर किसान पहुंचे थे, लेकिन कर्मचारियों ने यह कहकर तुलाई बंद कर दी कि आज अवकाश है। इससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और वे घंटों इंतजार करते रहे। घटना की सूचना नरसिंहगढ़ में विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा को मिली। इसके बाद वे लगभग 35 किलोमीटर का सफर तय कर मौके पर पहुंचे और किसानों व कर्मचारियों से चर्चा की। उन्होंने विभाग के प्रबंधक व अधिकारियों से बात कर तत्काल तुलाई शुरू करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद किसानों फूल सिंह राजपूत, राम सिंह, लखन चौहान से चर्चा के दौरान उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं। जब अधिकारियों ने लापरवाही को सामान्य बताने की कोशिश की तो उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब अन्य केंद्रों पर तुलाई जारी है, तो इस केंद्र पर बंद क्यों है। इसके बाद अधिकारियों ने तत्काल तुलाई कार्य प्रारंभ कराया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, मंडल महामंत्री लखन राजपूत, रामेश्वर नायक, भूपेंद्र सिंह भदौरिया, अनोखी लाल कोटिया, रोहित शर्मा, रवि शर्मा, राकेश मीना एवं घनश्याम चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। घटना के बाद किसानों ने खरीदी केंद्रों पर नियमित व्यवस्था बनाए रखने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

## कलेक्शन सेंटर के बाहर से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**ब्यावरा।** शहर के पीपल चौराहे स्थित एक कलेक्शन सेंटर के बाहर से अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। घटना 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच की है, जिसकी रिपोर्ट 30 अप्रैल को दर्ज कराई गई। शहर थाना पुलिस के अनुसार, भंवरगंज निवासी राजा विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह एक कलेक्शन सेंटर पर काम करता है। घटना के दिन वह अपनी बाइक एमपी 39 एमपी 0356 से पहुंचा और बाहर लॉक कर खड़ी कर दी। इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक चुरा ले गया। चोरी गई बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### मायके आई ननद के साथ भाभी ने की मारपीट, भाभी पर मामला दर्ज

**ब्यावरा।** करनवास क्षेत्र के पनाली गांव में मायके आई एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, पचोर क्षेत्र की सुषमा बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने पिता के घर पनाली आई थी। इस दौरान उसके भाई गोविंद ने उसे गालियां देते हुए घर आने से मना किया। बाद में जब वह बाहर निकलीए तो उसकी भाभी मनीषा ने भी गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर पथराव, घायल

**ब्यावरा।** शहर के पंचमुखी सब्जी मंडी क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर पथराव कर दिया गया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस के अनुसार जैन मंदिर क्षेत्र निवासी कमल राजपूत (21) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पहले लखन जाटव के साथ किराए के मकान में रहता था। दो साल पहले दोनों के बीच विवाद हो गया था। बीती शाम जब कमल सब्जी खरीदने पंचमुखी मैदान गया, तब लखन जाटव ने उसे गालियां देना शुरू कर दी। मना करने पर आरोपी ने उस पर पत्थर फेंक दिए, जिससे उसके बाएं हाथ और पैर में चोट आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विभागीय लापरवाही से स्टेशन ऑपरेटर की मौत

जागरण, कुरावर



झाडला विद्युत वितरण केंद्र में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। महज 22 वर्षीय स्टेशन ऑपरेटर राजेश दांगी की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार झाडला निवासी राजेश दांगी पिछले दो वर्षों से विद्युत मंडल में राजस्व वसूली का कार्य कर रहे थे और हाल ही में उनका चयन स्टेशन ऑपरेटर के पद पर हुआ था। बीती रात तेज आंधी और हवा के कारण कई जगह बिजली लाइनों में फाल्ट आ गया था, जिसे सुधारने के लिए उन्हें सुबह 8 बजे ड्यूटी पर बुलाया गया।

सुबह करीब 10 बजे राजेश 11 केवी लाइन के फाल्ट को सुधारने के लिए फीडर पर चढ़े ही थे कि अचानक लाइन में करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आते ही वे गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में उन्हें कुरावर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**सुरक्षा में बड़ी चूक :** घटना के समय राजेश के पास आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे दस्ताने, हेलमेट और सेफ्टी शूज नहीं थे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस लाइन पर काम चल रहा था, वह अचानक चालू कैसे हो गई। स्थानीय लोगों ने इसे बिजली विभाग की घोर लापरवाही बताया है। वहीं झाडला विद्युत केंद्र पर न तो सुरक्षा गार्ड मौजूद है और न ही सीसीटीवी कैमरे, जिससे जांच भी प्रभावित हो सकती है।

**परिजनों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग :** इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक के परिजनों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### क्या बोले अधिकारी

कनिष्ठ अभियंता चंदन मस्करे ने बताया कि घटना के समय एक अन्य कर्मचारी भी मौजूद था और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि आखिर इतनी बड़ी चूक कैसे हुई, जिसमें एक युवा की जान चली गई, लेकिन सवाल अभी भी जिंदा हैं, क्या लापरवाही पर कार्रवाई होगी या यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

### सेन समाज के नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं विवाह सम्मेलन संपन्न

## 24 जोड़े नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे

जागरण, सुठालिया



नगर के पशु हाट बाजार के समीप स्थित लालाझिरी बडली पर नवनिर्मित मंदिर परिसर में पांच कुंडात्मक श्रीराम यज्ञ एवं शिव पंचायत हनुमान जी महाराज, श्री सेनजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का गत दिनों कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। जिसका समापन गुरुवार पूर्णाहुति एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन के साथ हुआ। इस दौरान समाज के 24 नवयुगल परिणय बंधन में बंधे। इस दौरान अभ संत श्रीश्री 1008 श्री महंत वृजमोहन दास संत श्री महंत रामभरोसा दास के सानिध्य में 23 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित यज्ञानिक कार्यक्रम यज्ञाचार्य पं. घनश्याम शास्त्री यज्ञ ब्रह्मा राजेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य पं. देवी प्रसाद शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस दौरान 29 अप्रैल बुधवार को पंच कुंडात्मक यज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ व गुरुवार को सर्व सेन समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

जिसमें समाज के 24 जोड़े परिणय सूत्र में बंधें। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर नव दंपत्ति को आशीर्वाद दिया एवं नवनिर्मित मंदिर में विराजित भगवान के दर्शन किए एवं प्रसादी ग्रहण की।

### पहल | 314 नवदंपतियों को हेलमेट देकर सुरक्षित जीवन की शुरुआत का संकल्प

## सामूहिक विवाह सम्मेलनों में पुलिस ने दूल्हों को भेंट किए हेलमेट

जागरण, ब्यावरा



जिले में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष हेलमेट अभियान के तहत कल विभिन्न सामूहिक विवाह सम्मेलनों में कुल 314 नवविवाहित जोड़ों को हेलमेट वितरित किए गए। सुरक्षित जीवन की शुरुआत हेलमेट के साथ थीम पर आधारित इस पहल का मुख्य उद्देश्य नवदंपतियों को उनके वैवाहिक जीवन की शुरुआत से ही सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है। इस अभिनव प्रयास से जहां सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में ठोस पहल हो रही है, वहीं समाज में यातायात नियमों के पालन के प्रति सकारात्मक संदेश भी प्रसारित हो रहा है।

एसपी अमित तोलानी की पहल पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना कालीपीठ में थाना प्रभारी उनि जितेन्द्र अजनारे के नेतृत्व में ग्राम महाबल में 17 नवविवाहित जोड़ों को हेलमेट वितरित किए गए। थाना जीरापुर में थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीना द्वारा ग्राम मेनाखेड़ी में 60 जोड़ों को हेलमेट प्रदान किए गए। थाना राजगढ़ में थाना प्रभारी मंजू मखेनिया के नेतृत्व में ग्राम छगोड़ा में 37 जोड़ों को हेलमेट वितरित किए गए। इसी क्रम में थाना खिलचीपुर में थाना प्रभारी कमल सिंह गहलोत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 55 नवविवाहित जोड़ों को हेलमेट प्रदान किए, जबकि थाना खुजनेर में थाना प्रभारी रवि ठाकुर के नेतृत्व में ग्राम लिम्बोदा में 20 जोड़ों को, थाना ब्यावरा शहर में थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह धाकड़ द्वारा ग्राम निवानिया में आयोजित सम्मेलन में सर्वाधिक 125 जोड़ों को हेलमेट प्रदान किए गए। कार्यक्रमों के दौरान सभी थाना प्रभारियों ने नवदंपतियों को हेलमेट पहनने के महत्व, सड़क सुरक्षा के नियमों और जिम्मेदार वाहन संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेष रूप से खिलचीपुर एवं खुजनेर में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक अमर सिंह यादव की उपस्थिति ने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने नवदंपतियों से अपील की कि वे हेलमेट को अपनी आदत में शामिल कर सुरक्षित जीवन की नींव रखें।

जिला पुलिस राजगढ़ ने आमजन से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, यातायात नियमों का पालन करें और हेलमेट सुरक्षा की पहली शर्त को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। यह पहल निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जनजीवन को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक, मौजूद रहे पदाधिकारी

जागरण, सुठालिया



कांग्रेस पार्टी विधानसभा क्षेत्र के हर छोटे-बड़े गांव में रहने वाले आम नागरिकों की हर छोटी बड़ी समस्या के लिए गांव-गांव में आंदोलन करेगी। कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र की हर छोटी समस्या के लिए हर गांव में आंदोलन का रास्ता अपना कर प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरेंगे तभी नागरिकों का विश्वास हासिल कर सकेंगे। उक्त बात पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने स्थानीय महावीर आश्रम बड़ा बाग परिसर में गुरुवार दोपहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि इसका लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलेगा ओर और आम नागरिकों को भी लगेगा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता हमारी हर छोटी बड़ी समस्या में हमारा साथ देने के लिए है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न विषयों को लेकर आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी सचिव सरदार सिंह सौधियां नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धीरप सिंह सौंधिया किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गिरवर बना का स्वागत किया गया। बैठक में ब्लॉक कार्यकारिणी गठन, मंडल अध्यक्ष बनाए जाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। आगामी 9 मई से पंचायत कमेटी का गठन करने हेतु पंचायत स्तर पर बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक विधानसभा प्रभारी चंदर सिंह गुर्जर, पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह टोडी ने संबोधित की। इस अवसर पर श्याम पालीवाल, मोहन लोधी, निखिल राज सिंह, पं. उमेश मिश्रा, मिथुन सिलावट, प्रदीप सिंह परमार, रामबाबू कुशवाह, रांझा खान, दुल्लाशाह मालवीय पर्वत सिंह सोधिया खनोटा, घीसालाल व्यास, रघुवीर सिंह सोधिया, मोहन यादव, संजू बना, राधेश्याम लोधी, सोहन सौंधिया, माही सौंधिया, दिलीप बना टोंका आदि मौजूद रहे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गुरूपाल अरोरा पुत्र ओम प्रकाश अरोरा निवासी मकान नं. 03, वार्ड नं.-01, रामलीला मार्ग, ब्यावरा राजगढ़(म.प्र.) पूर्व में मेरा नाम गुरूपाल सिंह अरोरा था, जिसे मैंने बदल कर गुरूपाल अरोरा रख लिया है मेरी अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नया नाम गुरूपाल अरोरा लिखा है, अतः मुझे भविष्य में मेरे नया नाम गुरूपाल अरोरा से जाना व पहचाना जाये।

## न्यूज कार्नर

### नितेश धाकड़ विधायक प्रतिनिधि मनोनीत



जागरण माकडोन। कांग्रेस नेता एडवोकेट नितेश धाकड़ को क्षेत्रीय विधायक महेश परमार द्वारा माकडोन तहसील में विघुत विभाग में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति से कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है। उक्त नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कार्यकताओं ने विधायक महेश परमार का आभार व्यक्त किया है।उक्त जानकारी शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष शर्मा ने दी।

### गृहे - गृहे गायत्री महायज्ञ संपन्न



जागरण महिदपुर । अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में सनातन संस्कृति के प्रतीक यज्ञ पिता गायत्री माता की साधना विगत वर्ष 2016 से निरंतर प्रति वर्ष वैशाख पूर्णिमा पर संपूर्ण विश्व में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ का आयोजन होता रहा है इसी क्रम में नगर महिदपुर में भी करीब 150 परिवारों द्वारा संस्कार,सद्भाव और नव सृजन के संदेश के साथ समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र हेतु आहुतियां प्रदान की गई गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक श्री सुभाष दुबे द्वारा बताया गया कि एक ही दिन में हजारों परिवार द्वारा यज्ञ में आहुतियां प्रदान करने से हर घर में गायत्री मंत्र का प्रकाश यज्ञ की पवित्रता के साथ संस्कार, संस्कृति और साधना एवं सुख समृद्धि ,स्वास्थ्य ,सद्बुद्धि का प्रकाश भी हर घर में पहुंचा है इस अभिनव प्रयोग से हमारा राष्ट्र भी सशक्त और समृद्ध होकर गायत्री की चेतना से प्रकाशित होगा।आज के इस अवसर पर प्रस्तावित शक्तिपीठ स्थल पर भी यज्ञ का आयोजन किया गया पश्चात उज्जैन से पधारे जिला समन्वयक राम प्रसाद जी सरिया द्वारा भी यज्ञ की महिमा को प्रतिपादित किया गया ।

# संभागायुक्त व कलेक्टर ने ढाबा रोड मार्ग का किया निरीक्षण जलभराव रोकने के साथ यातायात सुगम बनाने पर दिया जोर

## पहले नाली का निर्माण करें, फिर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जाए



जागरण उज्जैन। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। नियमित निरीक्षण के तहत शुक्रवार को संभागायुक्त और कलेक्टर ने टंकी चौराहे से ढाबारोड़ तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया और मौके पर ही जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने साफ तौर पर कहा कि सड़क चौड़ीकरण से पहले एक ओर नाली निर्माण पूरा करना अनिवार्य है।

उन्होंने इंजीनियरों को निर्देशित किया कि पहले पानी का उचित शिफ्टिंग कर नाली बनाई जाए, ताकि जलभराव की स्थिति न बने और पानी सुचारू रूप से बाहर निकल सके। इसके बाद ही दूसरी ओर का निर्माण कार्य शुरू किया जाए।

उन्होंने नाली निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा और स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही इंजीनियरों को मौके पर उपस्थित रहकर कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय रहवासियों को आवागमन में परेशानी न हो। वैकल्पिक व्यवस्था और सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया गया।

संहस्थ-2028 के दौरान उज्जैन के पुराने शहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी और साधु-संतों की पेशवाई भी निकलेगी। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मार्ग चौड़ीकरण कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ढाबारोड़ मार्ग पर एक ओर करीब 200 मीटर प्रीकास्ट नाली का निर्माण किया जा चुका है और शेष कार्य तेजी से जारी है। आने वाले कुछ दिनों में नाली और पाइपलाइन डालने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

# नाबालिग चला रहा है कचरा वाहन, बाल श्रम कानून की सरेआम धज्जियां उड़ा रहा ठेकेदार




जागरण उज्जैन। सरकार के बाल श्रम कानून को जारी किये गये आदेश किस तरह अनदेखा किये जा सकते है इसका उदाहरण वर्तमान में उज्जैन यहां वहां देखने को मिल जायेगें। इधर स्कूलों में छुट्टियाँ क्या हो गई छोटे-छोटें बच्चे-बच्चियाँ जो कि अबोध ही नहीं नासमझ भी है को भर भीषण गर्मी में चंद थोड़े से रूपयों के लालच में घरवालों ने बिना उनकी चिंता किये जहां जगह मिली मजदूरी पर लगा दिया हैं। दुकानों पर भी बालश्रम का नोटिस तो चस्पा है किन्तु उसकी आड़ में ये अबोध अपने बचपन को मजदूरी की आग में झोकने के लिए मजबूर है। उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करवाया जा रहा है। जो कि ठेके पर दिया गया है इसके लिये बकायदा शहरवासियों से शुल्क भी वसूला जा रहा है। किन्तु ठेकेदार ने जो शर्तें डोर टू डोर कलेक्शन के लिये ठेके में एग्रीमेंट में किया है उसका सटीक पालन किया जा रहा है यहां कोई देखने वाला जिम्मेदार नहीं है। शहर में कचरा कलेक्शन में चल रहे वाहन को कौन चला रहा है तथा कौन साथ में है यह देखने वाला भी कोई नहीं है। ढांचा भवन के वार्ड 17 में राज रायल एन्क्लेव जो कि एम.आर.-4 पर है में कचरा कलेक्शन वाहन को एक नाबालिग बच्चे को चलाते देखा जा रहा है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय है। यहीं नहीं उस पर काम करने वाली लड़कियां भी नाबालिग थी जो कि कचरा वाहन में इधर से उधर कर रही थी।

यदि उक्त नाबालिग बालक से वाहन चलाते वक्त कोई गंभीर दुर्घटना कारित हो जाये तो उसका जवाबदार कौन होगा जिम्मेदार हमेशा की तरह एक दूसरे के सिर पर ठिकरा फोडेगें उनका रटा रटाया जवाब आयेगा मालूम नहीं दिखवाता हूँ किन्तु जिसके साथ दुर्घटना होगी उसका क्या होगा उसकी जवाबदारी कौन लेगा। क्या जिम्मेदार आँखें मूंदे बैठे है जब कोई घटना होगी तभी संज्ञान लेंगे। उक्त ठेकेदार के विरूद्ध क्या कार्यवाही होगी। यही नहीं ये कचरा कलेक्शन वाहन के कर्मचारियों को कचरा डोर से कलेक्ट करना है जो नहीं कर रहे है।

इसी प्रकार शहर के अन्य भागों में भी प्रतिष्ठानों पर नाबालिग बच्चों को काम करते देखा जा सकता है। श्रम विभाग को चाहिये कि केवल पोस्टर अभियान पर निर्भर न रहे फिल्ड में भी निगरानी रखे व ठोस कार्यवाही करें।

# सुपर चैंपियन नाइट क्रिकेट कप : फैजान मस्तानी की शानदार गेंदबाजी के दम पर फैशन पाइंट ने जीते मैच

## स्व. कपिल तिवारी की स्मृति में सुपर चैंपियन नाइट कप प्रतियोगिता जारी

जागरण, गंजबासौदा। तारण तरण जैन पाठशाला खेल मैदान में नगर के वरिष्ठ क्रिकेटर स्वर्गीय कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित सुपर चैंपियन नाइट कप में बीती रात्रि तीन मुकाबले खेले गए। चौथा मुकाबला बारिश के कारण रद्द करना पड़ा शुक्रवार को यह मुकाबला खेला जाएगा। गुरुवार की रात खेले गए पहले मुकाबले में फैशन पॉइंट में श्रीनियास को 18 रनों से मात देकर आसानी से जीत हासिल की। इस मैच में फैशन पॉइंट में पहले पहले वाली करते हुए 8 ओवर में 82 रन बनाएं, जिसमें बल्लेबाज फैजान मस्तीन ने 12 गेंद में 26 रन बनाए और गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट प्राप्त किया, जिन्हें मैच उपरांत अतिथियों द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

दूसरा मैच भाविक-11 और सिया कारतूस बीना के बीच खेला गया। जिसमें सिया कारतूस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हाथों में 62 रन बनाए। भाविक 11 की टीम ने 3.5 ओवर में ही 9 विकेट शेष रहते हुए यह मैच जीत लिया। इस मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी से दोहरा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सलमान विदिशा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। तीसरा मैच फैशन पॉइंट और भाविक के 11 के बीच खेला गया। जिसमें फैशन पॉइंट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 98 रन बनाए टीम की ओर से सलमान विदिशा ने 11 गेंद पर 38 रनों की शानदार पारी खेली, बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी भाविक 11 की टीम क्यों ओपनिंग बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और नियमित अंतराल में विकेट करने के कारण टीम 8 ओवर में मात्र 82 रन ही बना पाई और इस तरह फैशन पॉइंट में यह मैच 18 रनों से जीत लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सलमान विदिशा को दिया गया। चौथा मैच शुरू होने से पहले तेज आंधी और बारिश ने मैच को बाधित कर दिया इसके बाद मैच पुनः प्रारंभ नहीं हो सका। रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट में पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह पटेल, पवन रिछारिया, सबजेल अधीक्षक आलोक कुमार भार्गव, कांग्रेस नेता नितिन दुबे मौजूद रहे। वहीं इस टूर्नामेंट में हो रहे रोचक मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंच रहे हैं।



# 13 थानों वाले शहर में 'बाल मित्र कक्ष' का सपना अधूरा

## तीन साल पहले हुई थी घोषणा, अब तक केवल नागझिरी थाने में ही बना

जागरण उज्जैन। शहर में बच्चों को अपराध की दुनिया से दूर कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से शुरू की गई बाल मित्र कक्ष योजना तीन साल बाद भी पूरी तरह जमीन पर नहीं उतर पाई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जिले के सभी थानों में ऐसे कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि 13 थानों में से केवल एक नागझिरी थाना ही इस पहल को साकार कर पाया है।

जानकारी के अनुसार, इस योजना का मकसद अपराध की ओर बढ़ रहे या उससे प्रभावित बच्चों को एक सुरक्षित और सहज वातावरण देना था, जहां वे बिना डर पुलिस से अपनी बात साझा कर सकें। लेकिन अधिकांश थानों में अभी तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है, जिससे यह योजना अधूरी नजर आ रही है। बताया गया है कि बाल मित्र कक्ष में पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में रहकर बच्चों से संवाद करते हैं, ताकि वे सहज महसूस करें।

यहां बच्चों के लिए काउंसलिंग की व्यवस्था के साथ-साथ खेलने के खिलौने और पढ़ाई के लिए किताबें भी उपलब्ध कराई जानी थीं। साथ ही बाल कल्याण समिति का कार्यालय भी यहीं संचालित करने की योजना थी, लेकिन यह व्यवस्था भी अधिकांश स्थानों पर लागू नहीं हो सकी है।

### नागझिरी थाना बना मिसाल....

शहर में केवल नागझिरी थाना ऐसा है, जहां बाल मित्र कक्ष स्थापित कर बच्चों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया गया है। यहां बच्चे बिना भय के पुलिस से बातचीत करते हैं और अपनी समस्याएं साझा करते हैं। इस कक्ष में ऐसे बच्चों को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है, जो किसी न किसी रूप में अपराध से जुड़े रहे हैं या जोखिम में हैं।

कक्ष में दीवारों पर जागरूकता से जुड़े पोस्टर लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से डायल 100, 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और महिला हेल्पलाइन 1090 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। इससे बच्चों और उनके अभिभावकों में जागरूकता भी बढ़ रही है।

### योजना पर उठ रहे सवाल...

शहर में लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाओं और नाबालिगों की संलिप्तता को देखते हुए इस योजना की उपयोगिता और भी बढ़ जाती है। बावजूद इसके, अधिकांश थानों में इसकी शुरुआत न होना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। अब जरूरत इस बात की है कि पुलिस विभाग इस महत्वाकांक्षी योजना को गंभीरता से लेते हुए सभी थानों में बाल मित्र कक्ष स्थापित करे, ताकि बच्चों को अपराध से दूर रखने और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

# एक दिन एक ही समय पर लाखों घरों में गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया



जागरण नागदा। बुद्ध पूर्णिमा पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार द्वारा सम्पूर्ण देश में यज्ञ आयोजन किये गये। जिसमें गायत्री शक्तिपीठ नागदा के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में व कॉलोनी में भी यज्ञ सम्पन्न हुए।

यज्ञ वातावरण और पर्यावरण के संशोधन का और घर में सुख, शांति और समृद्धि का एक अमोघ उपचार और वैज्ञानिक पद्धति भी है। यज्ञ और महायज्ञों के द्वारा इस काया में ब्राम्हणत्व का जागरण होता है। अग्निहोत्र से बढ़कर कोई धर्मकार्य नहीं है। यज्ञ से सबका कल्याण होता है। प्रकृति का स्वभाव यज्ञा परम्परा के अनुरूप है।

समुद्र बादलों को उदारताापूर्वक जल देता है। बादल एक स्थान से दूसरे स्थान तक उसे ढोकर ले जाने और बरसाने का श्रम वहन करते है। नदी-नाले प्रवाहित होकर भूमि को सींचते है और प्राणियों की प्यास बुझाते है। वृक्ष और वनस्पतियों अपने अस्तित्व का लाभ दूसरों को ही देते है। पुष्प और फल दूसरों के लिये ही जीते है। शरीर का प्रत्येक अवयव अपने निज के लिये नहीं वरन समस्त शरीर के लाभ के लिये ही अनवरत गति से कार्यरत रहता है। इस प्रकार जिधर भी दृष्टिपात किया जाए यही प्रकट होता है। इस संसार में जो कुछ स्थिर व्यवस्था है। वायु को हम मलमुत्र श्वास तथा कारखानों का धुआँ आदि से गन्दा करते है। गन्दी वायु के रोगो का कारण बनती है। वायु को जितना गन्दा करे, उतना ही उसे शुद्ध करना चाहिये। यज्ञों से वायु शुद्ध होती है। इस प्रकार सामुहिक यज्ञो से स्वास्थ्य की सुरक्षा का एक बड़ा प्रयोजन सिद्ध होता है। इस आयोजन में कार्यकर्ता विष्णु पोरवाल, संतोष परमार, गजेन्द्रसिंह, मदनलाल शर्मा, इश्वर राठौर, कमल राठौर, नन्दा सोन, ज्योति पोरवाल, किरन सोलंकी, कलावती सेठिया, लक्ष्मीबाई, अलका भारद्वाज, रोहित पांचाल, बाबुलालजी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र एवं कॉलोनी के भाई-बहन अनुष्ठान में सम्मिलित हुए। गायत्री शक्तिपीठ नागदा द्वारा इस सफल आयोजन के लिए गायत्री शक्तिपीठ से जुड़े हुए भाई-बहनों का आभार व्यक्त किया।

उक्त जानकारी गायत्री शक्तिपीठ कार्यकर्ता ममता बैरागी ने दी है।

# कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने में महिला बाल विकास विभाग में बड़ी लापरवाही

## कलेक्टर हुए बेहद नाराज, 13 बाल विकास परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकी




जागरण उज्जैन। जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह का गुस्सा फूट पड़ा। काम में लापरवाही पर वह खासे नाराज हुए और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को वेतन काटने से लेकर निलंबन तक की चेतावनी दे दी। सिंह ने कहा कि फील्ड में रहिए। बैठक में बच्चों के रिकवरी दर कम होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और एक पर्यवेक्षक को सस्पेंड कर दिया है, जिला समन्वयक की सेवा समाप्त कर दी है और 13 बाल विकास परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकी गई है।

स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के एएनसी पोर्टल के अपलोड डेटा में भिन्नता मिलने पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग में तालमेल की समझाइश दी। गर्भवती महिलाओं की संख्या की समीक्षा के दौरान बडऩगर सीडीपीओ सक्रिय प्रसूति की संख्या और गर्भवती महिलाओं का ब्योरा नहीं दे सकें।

### सीडीपीओ/बीएमओ को निलंबन की चेतावनी...

इस पर नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर ने कहा यदि सीडीपीओ/बीएमओ सही कार्य नहीं करते है तो निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी से कहा समस्त सीडीपीओ व सुपरवाइजर रोजाना सुबह 8 बजे रेंडमली आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपस्थित रहें और उसकी रिपोर्ट तत्काल प्रेषित करें।

सभी एसडीएम भी यह सुनिश्चित करेंगे कि जिला कार्यक्रम अधिकारी और विभाग के अन्य अधिकारी आंगनवाड़ी केंद्रों पर आ रहे है अथवा नहीं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संपर्क एप पर उपस्थिति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अनुपस्थित कार्यकर्ताओं का वेतन काटने के निर्देश दिए। पीएम मातृ वंदना योजना में केंद्रों में दर्ज गर्भवती महिलाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इनकी शत-प्रतिशत जानकारी अनमोल पोर्टल पर दर्ज की जाए यह केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें कोई कोताही ना बरती जाए।

### एनीमिक प्रबंधन कमजोर....

गर्भवती महिलाओं की एएनसी कवरेज की समीक्षा के दौरान सीवीयर एनीमिक गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन का प्रतिशत कम मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और इसे शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी प्रसूतियां संस्थागत होनी चाहिए। इसकी जिम्मेदारी बीएमओ की होगी।

### पर्यवेक्षक सस्पेंड जिला समन्वयक की सेवा समाप्त...

जिला स्वास्थ्य समिति व पोषण समिति की बैठक से अनुपस्थित पर्यवेक्षक प्रीति श्रीवास्तव को सस्पेंड कर दिया गया है। जबकि जिला समन्वयक रोहित हिरवे की सेवा समाप्त करने का नोटिस जारी किया गया है। 13 बाल विकास परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकी गई है। इनमें अर्चना दलाल, प्रीति कटारा, रीना सोलंकी, नीलम सेठिया, अनुपमा मंडावी, मनोज जाट, मुकेश वर्मा, प्रियंका जायसवाल, ज्योत्सना दीक्षित, सुलोचना सैनी पर्यवेक्षक, प्रीति श्रीवास्तव, प्रेमलता ठाकुर, हितेश कुंवर पर्यवेक्षक के नाम शामिल हैं।

# दिव्यांग सेवा और सामाजिक समर्पण के प्रतीक बने लॉयन डॉ. पंकज मारू



जागरण नागदा । लायन्स अंतराष्ट्रीय डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के गत दिनों उज्जैन में आयोतिज दो दिवसीय कन्वेंशन में वाइस डिस्ट्रिक्ट गर्वनर प्रथम निर्वाचित होने पर गुरूवार को दिव्यांगजनों के हितार्थ एवं कल्याणार्थ कार्यरत संस्था स्नेह एवं लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के संयुक्त तत्वाधान में पीएमजेएफ लॉयन डॉ. पंकज मारू का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

श्रीराम कॉलोनी स्थित स्नेह परिसर में आयोजित इस गरिमामय आयोजन में कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल डॉ. थावरचन्द गेहलोत, विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, म.प्र. कर्मकार बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुल्तानसिंह शेखावत, पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत, दिलीपसिंह गुर्जर, जितेन्द्र गेहलोत, लायन्स पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बडी संख्या में शिरकत की।

लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पश्चात अतिथियों का स्वागत स्नेह एवं लायन्स परिवार द्वारा दुपट्टा एवं माला पहना कर किया गया। स्नेह के नन्हें-नन्हें बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुती दी गई। बिटिया सोनू मारू द्वारा पापा लॉयन मारूजी के जन्मदिवस के अवसर पर गीत पर नृत्य की प्रस्तुती नेसभी का मनमोह लिया।

लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन डॉ. पाण्डेय के नेतृत्व में सचिव लॉ. इंजी. रोहित प्रजापत, कोषाध्यक्ष लॉयन सलीम खान, वरिष्ठ लॉयन सतीश बजाज, रवि कांठेड, अजय गरवाल, अजय पोरवाल, डॉ. ओम बैरागी, विरेन्द्र जाजोरिया, अशोक बिसानी, विजय पोरवाल, संतोष कोलन, झमक राठी, राजेश मोहता, शरद जैन गबुल, प्रतीक माहेश्वरी, घनश्याम राठी, सौरभ मोहता, आनन्दीलाल गगरानी, मुकेश राठौर, दिलीप तिवारी, राकेश फर्नाखेडी, मुकेश जैन, अशोक शर्मा तेजपालसिंह जवेरिया, रवि कुमार चौहान आदि की उपस्थिति में राज्यपाल डॉ. गेहलोत के करकमलों से लॉयन डॉ. मारू को पगडी, माला पहना कर एवं स्मृति चिन्ह एवं ड्रायफ्रुट का पैकेट प्रदान कर सम्मानित कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यपाल डॉ. गेहलोत ने कहा कि जो व्यक्ति दुसरों के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दें ऐसे व्यक्तियों के जन्मदिवस पर जरूर उन्हें शुभकामानाऐं देना चाहिए, उन्होंने कहा कि वह कभी जन्मदिवस नहीं मनाते, लेकिन ईष्टमित्रों द्वारा दी गई शुभकामनाओं को जरूर स्वीकार करते हैं। उन्होंने लॉयन डॉ. मारू द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ तथा उनके हितों में किए गए कार्यो की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। राज्यपाल डॉ. गेहलोत ने कहा कि उनके सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री के कार्यकाल के दौरान पुरे देश में दिव्यांगजों के हित में कई योजनाओं को लागू किया गया।

जिसका लाभ आज भी उन्हें मिल रहा है।

स्वागत समारोह को विधायक डॉ. चौहान, पूर्व विधायक गेहलोत, शेखावत द्वारा भी संबोधित किया गया। स्वागत भाषण स्नेह के सचिव एवं वरिष्ठ लॉयन विनय राज शर्मा ने दिया। संचालन स्नेह के उपनिदेशक महेश राठोर ने किया।

सम्मान समारोह में भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश धाकड, संसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, महामंत्री राकेश यादव, पुनम चंद गेहलोत, राजेंद्र कांठेड, वरिष्ठ लॉयन गोविन्दलाल मोहता, डॉ. एसआर चावला, गुलजारी लाल त्रिवेदी, वीरेंदर मालपानी, सुनील त्रिवेदी, हरीश तिवारी, सुबोध स्वामी, सुरेन्द्र कांकरिया, सतीश जैन सांवेर वाले, राजा कर्नावट, बसंत मालपानी, लियो शुभम मोहता, धर्मेन्द्र बम, अमित बम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक गण, पत्रकार गण, एवं स्नेह का स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित थे।

# वैशाखी पूर्णिमा पर किया ध्वजारोहण



जागरण, महिदपुर। ग्राम नारायणा स्थित श्रीकृष्ण सुदामा धाम में शुक्रवार को वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रातः भगवान श्रीकृष्ण सुदामा का विशेष अभिषेक पुजारी नारायण शर्मा, पुजारी मनीष शर्मा, पुजारी अर्जुन, शर्मा, पुजारी चेतन गुरु द्वारा किया गया। अभिषेक और पूजन के पश्चात भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जी का मनमोहक श्रृंगार सुन्दर पगड़ी पहनाई गई।

प्रातः 10 बजे ध्वज का चल समारोह ढोल नगाड़े और बैंड बाजे के साथ मंदिर से गांव में भ्रमण के लिए निकला जिसका गांव में जगह-जगह स्वागत किया गया। संपूर्ण गांव में भ्रमण कर श्रद्धालु नाचते गाते 11ः30 बजे मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंचे जहां मंदिर के मुख्य पुजारी प्रेमनारायण शर्मा ने ध्वजारोहण के लाभार्थी रामसिंह चौधरी पिपल्याहामा को तिलक लगाकर ध्वजपूजन किया।

दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कर महाआरती हुई और चने -चावल की प्रसादी का वितरण एवं भंडारा हुआ।

## न्यूज कार्नर

### लोन के झांसे में आए युवक ने 84 हजार रुपए गंवाए

**अशोकनगर।** एक ठग ने अपनी मीठी-मीठी बातों में लगाकर एक युवक से साढ़े 84 हजार रुपये ठग लिए थे। शिकायत के बाद बहादुरपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एक दिन पहले दमदमा गांव के रहने वाले मनोज पिता उदयभान यादव निवासी ने थाना बहादुरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आशीष गुरैया निवासी ग्राम गहोरा थाना ईसागढ़ द्वारा मुझसे कहा गया था कि वह मुझे छह लाख रुपये का लोन दिला देगा। चूंकि मुझे लोन की आवश्यकता थीए इसलिए मैंने उससे आगे बात की तो उसने मुझसे साढ़े 84 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम यादव द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी आशीष गुरैया को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रकम प्राप्त करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### रुपयों से भरी पेटी चोरी

**अशोकनगर।** सेहराई थाना क्षेत्र के ग्राम अचलगढ़ में एक व्यक्ति के घर में घुसकर अज्ञात चोर रुपयों से भरी पेटी चुरा ले गए। 74 वर्षीय सीताराम पुत्र गुलाबचंद साहू ने पुलिस को बताया है कि 29 अप्रैल की रात 9 बजे मैं अपने घर में सो गया था। सुबह जब करीब चार बजे मेरी नींद खुली तो मैंने देखा कि कोई अज्ञात चोर मेरे घर में घुसकर दुकान में रखी रुपये की पेटी चोरी कर ले गया है।

### फांसी लगाने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** ईसागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कालीटोर में एक 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मोहन पिता समरथ आदिवासी ने गुरुवार की रात करीब आठ बजे अपने घर में फांसी लगा ली थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन

**अशोकनगर।** मई माह के प्रथम दिवस पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रगीत वंदेमातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा गायन किया गया।

### करैरा मंडी फिर गुलजार, किसानों को मिलने लगा सही दाम

**जागरण, शिवपुरी।** सुस्त पड़ी करैरा कृषि उपज मंडी एक बार फिर रौनक से भर उठी है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशन और एसडीएम करैरा अनुराग निगवाल के लगातार प्रयासों ने मंडी की तस्वीर बदल दी है। शुक्रवार को मंडी प्रांगण में फसलों की डाक बोली के दौरान किसानों और व्यापारियों की भारी मौजूदगी ने लंबे समय बाद चहल-पहल लौटा दी। एसडीएम अनुराग निगवाल, तहसीलदार ललित शर्मा और मंडी सचिव मनोहर घोष ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उनकी निगरानी में पारदर्शी डाक बोली कराई गई, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सका। प्रशासन की सक्रियता का असर साफ दिखा किसानों के चेहरे पर संतोष और भरोसा नजर आया। मंडी में बदली व्यवस्था से उत्साहित किसानों ने एसडीएम अनुराग निगवाल का माल्यार्पण कर सम्मान किया। वहीं गर्मी को देखते हुए मंडी परिसर में प्याऊ का शुभारंभ भी किया गया, जिससे किसानों और आमजन को राहत मिलेगी। इधर, व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने भी मंडी कार्यालय में एसडीएम का स्वागत कर अपनी समस्याएं रखीं, जबकि हम्माल और तुलावटी प्रतिनिधियों ने आभार जताया। किसानों का कहना है कि प्रशासन की सख्ती और निगरानी से अब मंडी में पारदर्शिता आई है और उन्हें उनकी मेहनत का सही दाम मिलने लगा है।

# ढाबे के पास खिला रहे थे ऑनलाइन आईपीएल मैच पर सट्टा

## दो मोबाइल एवं एक चार पहिया वाहन जब्त, तीन आरोपी हिरासत में, 1 करोड़ के लेन-देन के मिले साक्ष्य

**जागरण अशोकनगर।** पुलिस द्वारा आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहे एक गिरोह का पर्दाफाश किया है पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। शुरूआती जांच में करीब एक करोड़ रुपये के लेन-देन के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर व एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में की गई।

30 अप्रैल को उप निरीक्षक कदम सिंह मीना पुलिस बल के साथ कस्बा भ्रमण पर थे। भ्रमण के दौरान दिल्ली दरवाजा क्षेत्र में सूचना प्राप्त हुई कि बायपास रोड चंदेरी स्थित तिलक ढाबा के समीप दो व्यक्ति अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खेल रहे हैं एवं अन्य व्यक्तियों को भी सट्टा खिलवा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी गईए जहां दो संदिग्ध व्यक्तियों को मौके पर घेराबंदी कर पकड़ा गया।




**चौथे आरोपी की तलाश, दीपक नाम का व्यक्ति देता था आईडी:** गिरफ्तार आरोपियों में दो आरोपी मुरैना जिले के रहने वाले हैं जबकि तीसरा मुंगावली का है। एक अन्य आरोपी की संलिप्तता सामने आई है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। उक्त आरोपी मुंगावली का है। पुलिस ने बताया है कि कपड़े गए आरोपियों में जितेन्द्र धाकड़ पुत्र वीरेन्द्र सिंह धाकड़ उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम मनोहरपुरा थाना पहाड़गढ़ जिला मुरैना एवं सौरभ सेन पुत्र राजेन्द्र सेन उम्र 26 वर्ष निवासी चंदेरी रोड मुंगावली बताया। इन दोनों आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन एवं एक महिन्द्रा कार जप्त की गई। मोबाइल फोन की तकनीकी जांच करने पर ऑनलाइन सट्टा संचालन से संबंधित लिंक,विभिन्न आईडी एवं लगभग एक करोड़ रुपये के लेन-देन से संबंधित विस्तृत डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए। आरोपियों द्वारा संगठित तरीके से आईपीएल मैचों पर सट्टा संचालित किया जा रहा था।

पुलिस ने इन पर प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की तो दोनों आरोपियों ने बताया है कि वह सट्टा संचालन हेतु आईडी अन्य आरोपी दीपक धाकड़ निवासी केलारस जिला मुरैना से प्राप्त करते थे। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक धाकड़ को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में एक अन्य आरोपी निखिल पंवार निवासी मुंगावली की संलिप्तता सामने आई है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है एवं उनसे विस्तृत पूछताछ हेतु पुलिस रिमांड प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए रैली आयोजित




**जागरण अशोकनगर।** खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का आयोजन 01 मई को प्रारंभ हुआ है जो 30 मई तक चलेगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर कलेक्टर साकेत मालवीय एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार शुक्रवार को कैंप की शुरुआत फिटनेस जागरूकता रैली के साथ की गई । इस रैली का उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता पैदा करना और फिटनेस का महत्व बताना था। जागरूकता रैली का प्रारंभ संजय स्टेडियम से शुरू होकर गांधी पार्क होते हुए रेलवे स्टेशन पर समापन हुआ। समापन के अवसर पर समस्त खिलाड़ियों ने वंदे मातरम एवं जन गण मन राष्ट्रगान गाया। रैली के अंत में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने खिलाड़ियों को खेलों के महत्व के बारे में बताया और खुद को फिट रखने हेतु इस विशेष ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन उपस्थित रहने के साथ ही अपने साथियों को इस कैंप में उपस्थित रखने हेतु प्रेरित भी किया। खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में 19 वर्ष तक के आयु के प्रशिक्षणर्थियों को क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, कराते, टेबल टेनिस एवं ताइक्वांडो आदि खेलों का प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा जो भी खिलाड़ी प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते हैं। वह ऑनलाइन आवेदन लिंक पर आवेदन करके भाग ले सकेंगे।

## दुकानों के बाहर कचरा फैलाने वाले दुकानदारों पर चालानी कार्यवाही




**जागरण मुंगावली।**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत एवं जिला कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देश पर एवं नगर परिषद सीएमओ विनय कुमार भट्ट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अरविंद कुशवाह की संयुक्त टीम द्वारा नगर में दुकानदारों द्वारा सड़क पर कचरा आदि फैलाने पर शुक्रवार को चालानी कार्यवाही की गई।

जिसमें नगर परिषद सेअड़ाई दरोगा संतोष पवार,कर्मचारी राशिद खान, नदीम खान एवं पुलिसबल आदि द्वारा दुकानदार जिसमें सब्जी विक्रेता फल विक्रेता चाट ठेला एवं चाय दुकानदारों पर चालानी कार्यवाही की गई साथ ही नगर में सभी दुकानदारों को हिदायत भी दी गई कि कोई भी दुकानदार दुकानों के बाहर सड़क पर कचरा न फैंके अपनी अपनी दुकानों पर डस्टबिन का उपयोग करें एवं कचरा गाड़ी आने पर कचरा गाड़ी में ही कचरा डालें अन्यथा चालानी कार्रवाई प्रतिदिन नगर में जारी रहेगी।साथ ही पॉलीथिन का उपयोग न करने की दुकानदारों को हिदायत दी जो कि पूर्णतः प्रतिबंधित है। नगर परिषद द्वारा नगर में 3700 रुपए की चालानी कार्यवाही की। सीएमओ विनय कुमार भट्ट ने बताया कि स्वच्छता अभियान 2026 के अंतर्गत नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए यह कार्यवाही नगर में निरंतर जारी रहेगी।

### जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर, गेहूं उपार्जन कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएए जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में कलेक्टर ने सभी उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों के लिए पेयजल, छाया, तौल कांटे, बारदानों की उपलब्धता एवं परिवहन व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए।

## भोपाल सांसद शर्मा का नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**जागरण मुगावली।**

भोपाल से भाजपा के सांसद आलोक शर्मा शुक्रवार को अल्प प्रवास पर मुंगावली पहुंचे। उनके आगमन पर भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल के निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने सांसद शर्मा का शॉल श्री फ्ल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में संगठन से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांसद आलोक शर्मा ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी की सफलता में जमीनी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, जिलाउपाध्यक्ष मनीष मोदी, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र परिहार, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजितेश श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष संतोष ओझा,आई टी सेल जिला संयोजक सौरभ सक्सेना,नरेंद्र जाटव, मुकेश खटीक, विक्रम यादव, जड़ेल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इमली चौराहा स्थित नृसिंह मंदिर में धूमधाम से मनाया नृसिंह प्रकटोत्सव



**जागरण मुंगावली।**

नगर के इमली चौराहा स्थित श्री नृसिंह जी मंदिर में गुरुवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भगवान नृसिंह का प्रकटोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष अभिषेक, पूजन एवं आरती का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत पं. महेंद्र सरवैया डब्बू महाराज द्वारा भगवान नृसिंह के विधिवत पूजन-अभिषेक उपरांत हवन आदि से हुई, जिसे मंदिर के पुजारी मनीष दुबे के मार्गदर्शन में सम्पन्न कराया गया। इसके बाद भक्तों ने पूजा-अर्चना कर भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों एवं जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रकटोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी किया गया। आयोजन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। मंदिर समिति द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया गया।

# जमीन के लालच में पिता को नशा मुक्ति केन्द्र भेजा

## शिवपुरी में कोर्ट की तारीख से पहले बेटों पर साजिश का आरोप, 17 बीघा जमीन का विवाद है




**जागरण, शिवपुरी।** शिवपुरी में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां जमीन के लालच में दो बेटों ने अपने ही पिता को नशे का आदी बताकर नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा दिया। मामला तब उजागर हुआ जब पीड़ित का चचेरा भाई तलाश करते हुए केंद्र पहुंचा और उसे मिलने नहीं दिया गया, इसके बाद शुक्रवार को उसने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।

जानकारी के मुताबिक गुना जिले के श्यामपुर निवासी जगदीश रघुवंशी ने बताया कि उनके चचेरे भाई गंगाराम रघुवंशी को उनके ही बेटों ने साजिश के तहत नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा दिया। बताया जा रहा है कि गंगाराम की पत्नी और उनके दो बेटे सतीश और विक्की करीब 20 साल पहले अलग रहने लगे थे। इसी दौरान उन्होंने चालाकी से गंगाराम के नाम की करीब 17 बीघा जमीन अपने नाम करा ली थी, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। अब जब जमीन के नामांतरण की प्रक्रिया चल रही थी, तब गंगाराम ने इस पर आपत्ति दर्ज करा दी। यह मामला एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। 16 अप्रैल को केस की तारीख लगी थी और अगली सुनवाई 30 अप्रैल को तय थी।

### आरोप- बेटों ने अगवा करवाकर भर्ती किया

आरोप है कि 20 अप्रैल को जब गंगाराम एक शादी समारोह में शामिल होने गुना आए थे, तभी उनके बेटों ने उन्हें अगवा कर लिया और शिवपुरी के एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा दिया। आरोप है कि बेटों का मकसद था कि गंगाराम 30 अप्रैल की कोर्ट तारीख पर उपस्थित न हो सकें, जिससे वे जमीन पर कब्जा कर सकें। जगदीश रघुवंशी ने गंगाराम की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। जब वह तलाश करते हुए नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे तो उन्हें मिलने नहीं दिया गया, जिससे शक और गहरा गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।

### केंद्र मैनेजर बोले- नशे की हालत में लाए गए थे

मामले में नशा मुक्ति केंद्र प्रबंधन की लापरवाही भी सामने आई है। केंद्र के मैनेजर ब्रजेश पाठक का कहना है कि गंगाराम को उनके बेटे लेकर आए थे और वह नशे की हालत में थे। दस्तावेजों की जांच के बाद ही उन्हें भर्ती किया गया था। हालांकि बाद में परिजनों की आपत्ति पर गंगाराम को उनकी इच्छा अनुसार छोड़ दिया गया। वहीं नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आने के बाद गंगाराम रघुवंशी ने आरोप लगाया कि उनके बेटे उनकी जमीन हड़पना चाहते हैं और इसी वजह से उन्हें जबरन वहां भर्ती कराया गया।

## पूरनखेड़ी टोल पर नए नियम से हंगामा, जाम में फंसे सैकड़ों वाहन

### गुस्साए चालकों ने तोड़ा बूम



**जागरण, शिवपुरी।** शुक्रवार सुबह पूरनखेड़ी टोल प्लाजा पर नए नियम की अचानक एंट्री ने हालात बिगाड़ दिए। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा फास्टैग अनिवार्य किए जाने के फैसले ने सैकड़ों वाहनों को जाम में जकड़ दिया। देखते ही देखते टोल पर लंबी कतारें लग गईं और बस, कार व अन्य वाहन घंटों तक रेंगते नजर आए।

स्थिति तब बेकाबू हो गई जब कई वाहन चालकों का फास्टैग एक्टिव नहीं मिला और ऑन-द-स्पॉट भुगतान का विकल्प भी बंद था।

जानकारी के अभाव में फंसे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। कुछ चालकों ने आक्रोश में टोल का बूम तक तोड़ दिया और जबरन निकलने की कोशिश की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टोल कर्मचारियों और चालकों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। गर्मी और लंबा इंतजार हालात को और तनावपूर्ण बना रहा था। कई यात्रियों ने इसे अचानक थोपा गया नियम बताते हुए प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। टोल प्रबंधन का कहना है कि अब केवल एक्टिव फास्टैग से ही शुल्क लिया जाएगा, नंबर प्लेट के आधार पर कटौती की पुरानी सुविधा पूरी तरह बंद कर दी गई है।

हालांकि, बिना पूर्व सूचना लागू किए गए इस नियम ने व्यवस्था की पोल खोल दी।

## नरवाई में आग लगने से पुराना इमली का पेड़ जला, बिजली व्यवस्था ठप



**जागरण, शिवपुरी।** इंदार थाना क्षेत्र के बिज़रौनी गांव में गुरुवार दोपहर नरवाई की आग ने ऐसा विकराल रूप लिया कि सैकड़ों साल पुरानी धरोहर भी उसकी भेंट चढ़ गई। दोपहर करीब 3 बजे लगी आग तेजी से फैलती गई और देखते ही देखते आसपास का बड़ा इलाका चपेट में आ गया।

आग की लपटों ने करीब 100 से 200 साल पुराने विशाल इमली के पेड़ को भी नहीं बख्शा। पेड़ पूरी तरह जलकर कमजोर हो गया और आखिरकार धराशायी हो गया। इसके गिरने से पास खड़े बिजली के तीन खंभे भी टूट गए, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और अंधेरा छा गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गेहूं की नरवाई जलाने के कारण यह आग बेकाबू हुई। तेज हवा ने आग को और भड़काया, जिससे हालात तेजी से बिगड़ते गए। आग गांव की ओर बढ़ने लगी तो ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों को बचाने के लिए जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा। आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाड़ियां तैनात की गईं। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद देर रात करीब 2 बजे आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सैकड़ों साल पुराना पेड़ और कई अन्य पेड़ जलकर खाक हो गए।

## उत्साहपूर्वक शुरू हुआ जनगणना का काम, स्थानीय निवासियों ने किया स्वागत

**जागरण, शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में 01 मई को उत्साहपूर्वक जनगणना का कार्य शुरू हुआ। पहले दिन प्रगणकों व सुपरवाइजर के मोबाइल फोन में एप डाउनलोड कराए गए और सामग्री वितरण की गई। इसके बाद शासकीय सेवकों ने जनगणना का काम शुरू किया। आरंभ में प्रगणकों द्वारा नजरी-नक्शा तैयार किए। जनगणना के लिये निकले प्रगणकों का स्थानीय निवासियों ने भी स्वागत किया।

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिवपुरी जिले में भी प्रथम चरण में 01 से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकान गणना (एचएलबी) का कार्य किया जा रहा है। जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना 2027-एचएलओ मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जाँच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेंगे।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अर्पित वर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी दें।



आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी।उन्होंने कहा है कि जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं। सही जानकारी से ही शुद्ध जनगणना होगी।

### जनगणना के लिए 3904 प्रगणक/सुपरवाइजर

शिवपुरी जिले में जनगणना कार्य के लिए 3904 प्रगणक/सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई है जिसमें 3031 प्रगणक और 311 रिजर्व प्रगणक है। इसके अलावा 500 सुपरवाइजर और 62 रिज़र्व सुपरवाइजर है। कुल 22 चार्ज बनाए गए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में 10 और नगरीय क्षेत्र के लिए 12 चार्ज हैं। जिले में 3388 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं।

### जनगणना के प्रथम चरण में 34 बिंदुओं की जानकारी संकलित होगी

जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का काम किया जायेगा। जिसमें 34 बिंदुओं में जानकारी संकलित होगी। इसमें भवन व मकान नम्बर सहित मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, मकान किराए का है अथवा स्वयं का, कमरों की संख्या, परिवार के विवाहित दम्पत्तियों की संख्या, पेयजल के मुख्य स्त्रोत, पेयजल स्त्रोतों की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय की सुगमता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था, परिसर के अंदर स्नान की सुविधा, रसोई घर व एलपीजी-पीएनजी कनेक्शन, खाना पकाने के लिये प्रयुक्त मुख्य ईंधन, रेडियो/ट्रांजिस्टर व टेलीविजन की उपलब्धता, इंटरनेट सुविधा, लेपटॉप/कम्प्यूटर की उपलब्धता, टेलीफोन, मोबाइल फोन व स्मार्ट फोन इत्यादि की उपलब्धता, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप व वैन, परिवार द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले अनाज, मसलन चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का व अन्य खाद्यान्न एवं मोबाइल फोन इत्यादि जानकारी शामिल है।

### टूटे स्पॉन से प्लेटफॉर्म 7 पर मंडरा रहा खतरा

**जागरण, इटारसी।** जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर इन दिनों अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। रेलवे ट्रैक के नीचे लगे स्लीपर पत्थर कई जगहों से टूट चुके हैं, जो तकनीकी रूप से ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए बड़ा खतरा हैं। यात्रियों ने पूर्व में हुई रेल दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए इस लापरवाही पर गहरी चिंता जताई है। ट्रैक पर लगातार जमा हो रहे गंदे पानी और कचरे के कारण वहां से भारी बदबू उठ रही है।


# जागरण गुना

गुना, 2 मई 2026 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com


### जयस्तंभ चौक से बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद

**जागरण, इटारसी।** शहर के जयस्तंभ चौक पर चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए बीती रात एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल की रात करीब 11:29 बजे जयस्तंभ चौक स्थित मिहानी मोबाइल शॉप के सामने खड़ी एक सिल्वर रंग की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 05 एमक्यू 2912 को अज्ञात चोर उड़ा ले गया। चोरी की घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## न्यूज कॉर्नर

### 4 से 10 मई तक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

**गुना।** स्वयं स्वस्थ बनो अभियान मुंबई और प्राकृतिक चिकित्सक स्व. फूलचंद जैन व श्रीमती बाई जैन की स्मृति में गुना में 10 दिवसीय ध्यान, योग एवं प्राकृतिक जीवन जागृति शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर 4 मई से वंदना कॉन्वेंट स्कूल में डॉ. गीता जैन मुंबई एवं दीपक जानी के मार्गदर्शन में आयोजित होगा 7 शिविर की मुख्य प्रशिक्षक डॉ. गीता जैन अष्टांग योग को आत्मसात करने और जीवन में इसके आठ अंगों को अपनाने से होने वाले परिवर्तनों पर विशेष जानकारी देंगी। शिविर संयोजक गुलशन डाबर ने बताया कि शिविर के पहले दिन मेरिडियन व्यायाम के जरिए शरीर की 72,000 नाड़ियों को सक्रिय किया जाएगा। दूसरे दिन से सूक्ष्म योगाभ्यास शुरू होंगे, जो दसवें दिन तक साधकों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य से परिपूर्ण करेंगे। शिविर के प्रायोजक सुनील, निखिल एवं नयांश जैन छतरपुरिया ने अधिक से अधिक लोगों से इस योग शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### गेंहू उपार्जन के दौरान निपटाई किसानों की समस्या

**गुना।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दौरान किसानों को हो रही समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में उन किसानों के प्रकरण को गंभीरता से लिया गया, जिनका गेहूं दिनांक 27 एवं 28 को स्लॉट अवधि समाप्त होने के कारण उपार्जन पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सका। कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा केंद्रवार एवं किसानवार जानकारी एकत्रित की गई। इस प्रक्रिया में कुल 151 प्रभावित किसानों की सूची तैयार कर आयुक्त, खाद्य, भोपाल को प्रेषित की गई है। साथ ही अनुरोध किया गया है कि इन किसानों के स्लॉट की अवधि में वृद्धि की जाए, ताकि उनके द्वारा विक्रय की गई गेहूं की मात्रा को पोर्टल पर दर्ज किया जा सके।

### अतिक्रमण, नाला निर्माण को लेकर बैठक आयोजित

**गुना।** ननाखेड़ी मण्डी गेट से दो खम्बा बायपास मार्ग पर अतिक्रमण हटाने और नाला निर्माण कार्य को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों और व्यापारियों के साथ कार्य की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री ने प्रस्तावित नाला निर्माण की तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने नाले के डिज़ाइन, लेआउट और अनुमानित लागत के बारे में सरल तरीके से जानकारी साझा की।

### हथौड़ी लेकर ससुर पर झपटा दामाद, फोड़ा सिर

**गुना।** शादियों के सीजन में अक्सर हंसी-ठिठोली की खबरें आती हैं, लेकिन बमोरी थाना क्षेत्र में कपड़ों के विवाद ने ससुर-दामाद के रिश्ते को अस्पताल पहुंचा दिया। नानाखेड़ी निवासी बलवीर अहिरवार जब अपनी बेटी अंजू के ससुराल मंडप के कपड़े लेकर पहुंचे, तो उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि वहां कपड़ों का नहीं बल्कि कपाल क्रिया का इंतजाम हो जाएगा।
विवाद तब शुरू हुआ जब दामाद छोटू अहिरवार ने ससुर को यह कहकर टोक दिया कि कपड़े क्यों लाए, पूरे परिवार को लाना था। दामाद का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। बात गाली-गलौज से शुरू होकर सीधे हथौड़ी तक जा पहुंची। फिलहाल ससुर की शिकायत पर पुलिस ने घायल अवस्था में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वॉयर पर छाईं गुना की अलपा सूद

# दुनिया के टॉप 40 लीगल लीडर्स में मिली जगह

#### गुना की बेटी का वैश्विक फलक पर दबदबा




**जागरण, गुना।** अपनी मेधा और कड़े परिश्रम के दम पर गुना की एक बेटी ने सात समंदर पार देश और अपने गृह नगर का नाम रोशन किया है। शहर की रहने वाली अलपा सूद को विश्व के टॉप 40 इनोवेटिव लीगल लीडर्स की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि का गौरव तब और बढ़ गया जब न्यूयॉर्क के सुप्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर की स्क्रीन पर अलपा सूद की फोटो और उनकी उपलब्धि का तीन बार प्रदर्शन किया गया। दुनिया भर के दिग्गज विधि विशेषज्ञों के बीच जगह बनाना गुना के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अलपा सूद वर्तमान में वैश्विक स्तर की जानी-मानी कंपनी मार्वल सेमीकंडक्टर में इंडिया लीगल हेड के पद पर कार्यरत हैं। यह कंपनी डेटा सेंटर्स के लिए आधुनिक चिप्स डिजाइन करने का काम करती है। भारत में कंपनी के संपूर्ण कानूनी विभाग (लीगल सेक्शन) की कमान अलपा ही संभालती हैं। उनकी इसी नवाचारी कार्यशैली और विधिक विशेषज्ञता के कारण उन्हें दुनिया भर के 39 अन्य प्रतिष्ठित लीडर्स के साथ इस खास सूची में चुना गया है।

#### ग्वालियर से पुणे तक का शैक्षणिक सफर

अलपा के इस मुकाम तक पहुँचने के पीछे उनकी ठोस शैक्षणिक पृष्ठभूमि रही है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा ग्वालियर के सिंधिया कन्या विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद कानून की पढ़ाई के लिए उन्होंने पुणे के प्रसिद्ध आईएलएस लॉ कॉलेज का रुख किया, जहाँ से विधि स्नातक की डिग्री हासिल की।

#### प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार से है ताल्लुक

अलपा सूद गुना के एक सफल और प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार से आती हैं। उनके पिता शहर के जाने-माने बिजनेसमैन हैं, जिनका ट्रेवल्स का बड़ा कारोबार है। जिले में कमला ट्रेवल्स के नाम से उनकी बसों का संचालन होता है। गुरुवार रात जब न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर अलपा की उपलब्धि प्रदर्शित हुई, तो गुना में उनके परिवार और शुभचिंतकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी यह सफलता जिले की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का नया स्रोत बनी है। इधर अलपा की इस उपलब्धि पर मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्हें बधाई दी।

### गुना की गीता सोनी को मिला अंतरराष्ट्रीय मंच

## कान्स फिल्म फेस्टिवल- 2026 के रेड कार्पेट पर बिखेरेगी चमक



**जागरण, गुना।** सपनों को पूरा करने की कोई उम्र नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है गुना की गीता सोनी ने। सामान्य परिवेश से निकलकर असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाली गीता सोनी को विश्व के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोह कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में शामिल होने का विशेष निमंत्रण प्राप्त हुआ है। 12 से 18 मई 2026 तक आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय समारोह में उन्हें रेड कार्पेट पर चलने का गौरव हासिल होगा, जो पूरे शहर और देश के लिए गर्व का विषय है। गीता सोनी इससे पहले वर्ष 2021 में हॉट मोंड मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड की रनर-अप रह चुकी हैं और दुबई में उन्हें गुडनेस एंबेसडर के खिताब से भी नवाजा जा चुका है। अपनी सामाजिक सक्रियता के लिए पहचानी जाने वाली श्रीमती सोनी ने जरूरतमंद बच्चों की सहायता और वृद्धाश्रमों में सहयोग जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनकी इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर उनके पति आनंद सोनी और पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। हाल ही में गीता सोनी ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल से सौजन्य भेंट कर अपनी इस उपलब्धि को साझा किया, जिस पर कलेक्टर ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### गुना में सीमेंट प्लांट का शिलान्यास 10 मई को



**गुना।** अदानी ग्रुप द्वारा जिले में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले सीमेंट प्लांट के शिलान्यास की तैयारियां तेज हो गई हैं। 10 मई को आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम के लिए आज कार्यक्रम स्थल का प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा विस्तृत अवलोकन किया गया। इस गरिमामयी समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और अदानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदानी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। स्थल निरीक्षण के दौरान गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि हरि सिंह यादव, हीरेन्द्र सिंह बंटी बना और देवेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे। प्रशासनिक अमले से जिला कलेक्टर किशोर कान्याल और एसपी हितिका वासल सहित अन्य अधिकारियों ने सुरक्षा व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यह बड़ा निवेश क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर लेकर आएगा।

### सौम्या मॉल के सामने से बाइक चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात पर पुलिस ने दर्ज की नहीं एफआईआर



**जागरण, गुना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं, जहां व्यस्ततम इलाके में स्थित सौम्या मॉल के सामने से एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने से पीड़ित न्याय के लिए भटक रहा है।

पीड़ित शुभम बैरागी ने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-7707 जो कि सत्यम बैरागी के नाम पर पंजीकृत है, सौम्या मॉल के सामने खड़ी थी, जहां से अज्ञात चोर उसे उठा ले गए। विशेष बात यह है कि चोरी की यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

#### घर के बाहर खड़ी बाइक ले उड़े चोर

इधर शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ब्रजविहार कॉलोनी में वाहन चोरों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती दी है। यहाँ घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल रात के अंधेरे में चोरी हो गई। हीरामन के पास रहने वाले फरियादी बलराम अहिरवार ने बताया कि गत रात करीब 9 बजे उन्होंने अपनी काले रंग की स्प्लेंडर प्लस एमपी 08-8121 घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जागने पर बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी जब वाहन का पता नहीं चला, तो पीड़ित ने बमोरी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### चिंताहरण मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

## माँ की तेरहवीं की चिट्ठी बांटने जा रहे युवक की दर्दनाक मौत, दामाद गंभीर घायल

**जागरण, गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिंताहरण मंदिर के पास एक दर्दनाक सडक़ हादसा सामने आया है, जिसमें अपनी माँ की तेरहवीं की सूचना देने जा रहे एक किसान व्यक्ति की जान चली गई। 22 अप्रैल को दादी के निधन के बाद परिवार शोक में था, लेकिन इस हादसे ने खुशियां छीन लीं।

ट्रक की टक्कर से हुआ हादसा

बरखेड़ा गिर्द निवासी पूरन सिंह पुत्र भरोसा आदिवासी अपनी माँ के निधन के उपलक्ष्य में तेरहवीं की चिट्ठी देने बाइक से झागर जा रहे थे। गत दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच जब वे चिंताहरण के पास पहुंचे, तभी एक आयशर ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में पूरन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे उनके दामाद नवल के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पुलिस ने कैंट थाने में मामला दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।



#### रेलवे ट्रैक पर बुजुर्ग का मिला शव

**गुना।** गुना-शिवपुरी रेलवे ट्रैक पर बांसखेड़ी के समीप शुक्रवार सुबह एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक बुजुर्ग की उम्र करीब 65 से 70 वर्ष के आसपास बताई जा रही है और उनकी ऊंचाई लगभग 5 फीट है। शव सुबह 11 बजे के आसपास ट्रैक पर पड़ा मिला, जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मृतक ने सफेद रंग का पजामा और बनियान पहनी हुई है। प्रारंभिक जांच और घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए अंदेशा जताया जा रहा है कि बुजुर्ग किसी ट्रेन की चपेट में आ गए होंगे। ट्रेन से टकराने के कारण उनके सिर में गहरी चोट आई, जो उनकी मौत का मुख्य कारण बनी। फिलहाल पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवा दिया है और हुलिए के आधार पर मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के गांवों में भी पूछताछ कर रही है ताकि बुजुर्ग की पहचान हो सके।

## भाविप अहिल्या शाखा का दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न

### नीरज को अध्यक्ष व रेनू जैन को सचिव का जिम्मा




**जागरण, गुना।** भारत विकास परिषद, शाखा अहिल्या गुना का भव्य दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह स्थानीय होटल गुना में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। दायित्व ग्रहण समारोह में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल एवं मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित कर अहिल्या शाखा के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अध्यक्ष एवं सचिव सहित सभी नवीन दायित्व बान पदाधिकारियों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय महासचिव नीरज अग्रवाल ने की। दायित्व ग्रहण अधिकारी श्री अग्रवाल ने अहिल्या शाखा की नवनियुक्त अध्यक्ष नीरज अवस्थी एवं सचिव रेनू विकास जैन और कोषाध्यक्ष सरिता ग्रोवर सहित नवीन कार्यकारिणी, प्रकल्प प्रभारियों एवं संयोजकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान निवर्तमान शाखा कार्यकारिणी ने विधिवत रूप से नवीन कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा गया।

### अपहृत किशोरी को छुड़ाया दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** जिले के आरोन और कैंट थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो नाबालिगों को सुरक्षित बरामद कर सराहनीय कार्य किया है? आरोन थाना क्षेत्र से 24 अप्रैल 226 को लापता हुई एक 17 वर्षीय किशोरी के मामले में पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। पुलिस प्रयासों से 29 अप्रैल को किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। पीड़िता ने बयानों में राजपाल प्रजापति निवासी ग्राम डोंगर पर बहला-फुसलाकर ले जाने और गलत काम करने का आरोप लगाया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी राजपाल प्रजापति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह सिकरवार सहित उनकी टीम और साइबर सेल की विशेष भूमिका रही। वहीं, कैंट थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा नाबालिगों की खोजबीन में बड़ी सफलता पाई है। 26 अप्रैल को लापता हुए 17 वर्षीय बालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी संसाधनों की मदद से सुरक्षित बरामद कर लिया। बालक को बाल कल्याण समिति के माध्यम से उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### व्यापारी पर फायरिंग मामला

## पिस्टल उपलब्ध कराने वाला सप्लायर शिवपुरी से गिरफ्तार



**जागरण, गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कैंट थाना पुलिस ने नानाखेड़ी मंडी क्षेत्र में व्यापारी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को हथियार उपलब्ध कराने वाले सप्लायर को शिवपुरी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि 9 अप्रैल 2026 को न्यूसिटी कॉलोनी निवासी छोटू उर्फ ऋतुकेश बैरागी ने पुरानी रंजिश के चलते राधा कॉलोनी निवासी व्यापारी संजीव जैन पर उनकी नानाखेड़ी स्थित दुकान पर जाकर हमला किया था। आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पिस्टल से दो फायर किए थे, हालांकि इस हमले में कोई जनहानि नहीं हुई थी। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी छोटू बैरागी को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी छोटू बैरागी ने खुलासा किया था कि वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्टल उसे शिवपुरी निवासी रिस्की पठान ने उपलब्ध कराई थी। 30 अप्रैल 2026 को सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने शिवपुरी के गौशाला क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी रिस्की उर्फ कल्लू उर्फ शोएब खान (30) को गिरफ्तार कर लिया।

### मोहनपुर में गूंजा हनुमान चालीसा, समाज एकजुट

**जागरण, गुना।** बमोरी विधानसभा के चर्चित ग्राम मोहनपुर में शुक्रवार को भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्म स्वरूप भार्गव और एकल अभियान के विकास जैन नखराली के नेतृत्व में बारेला और पटेलिया समाज के ग्रामीणों ने सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम का समापन प्रभु श्रीराम की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। हनुमान चालीसा के पाठ से ग्रामीण इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने भविष्य में हर शनिवार और मंगलवार को गांव में प्रभात फेरी निकालने और सामूहिक पाठ करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर धर्म स्वरूप भार्गव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को आपसी भेदभाव छोड़कर एकजुट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर दिया कि यदि हिंदू समाज संगठित रहेगा, तो कोई भी उन्हें कमजोर नहीं कर सकेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांव को धर्मांतरण जैसी गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए जागरूक रहें। उन्होंने साझी संस्कृति और विरासत पर गर्व करने की बात कही।

### ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर धीरपुर तालाब को पुनर्जीवित करने की कवायद

# श्रमिक दिवस पर क्षेत्रवासियों ने संकल्प लेकर किया जीर्णोद्धार



**जागरण, गुना / राघौगढ़।** जिले के राघौगढ़ क्षेत्र के धीरपुर की अनमोल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर धीरपुर तालाब को पुनर्जीवित करने के लिए शुक्रवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर एक विशाल जन-आंदोलन का आगाज हुआ। करीब 120 वर्ष पुराने इस प्राचीन तालाब के संरक्षण और स्वच्छता हेतु क्षेत्रवासियों ने सामूहिक संकल्प लेते हुए जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत पूजन कर श्रमदान अभियान की शुरुआत की। इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने के लिए सुबह से ही नगरवासियों और ग्रामवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जहाँ सैकड़ों की संख्या में लोग हाथों में फावड़ा और टोकरी लेकर अपनी विरासत को संवारने के लिए उमड़ पड़े। इस अभियान के शुभारंभ अवसर पर पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं श्रमदान कर कार्य की शुरुआत की और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी धरोहरों को सहेजना और उन्हें स्वच्छ रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने तालाब की वर्तमान दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इस जनहित कार्य में समाज के हर वर्ग से बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आह्वान किया। लक्ष्मण सिंह जी ने जनता के इस स्वावलंबी प्रयास की सराहना करते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारे कर्तव्य का प्रतीक बताया।

#### मजदूर दिवस पर प्रकृति की सेवा

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस और बुद्ध पूर्णिमा के विशेष अवसर पर पितृ स्मृति वन में प्रकृति संरक्षण का एक अनूठा उदाहरण देखने को मिला। इस मौके पर सृष्टि संस्थान और फिट इंडिया क्लब के सदस्यों ने संयुक्त रूप से व्यापक स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। अभियान के दौरान वक्ताओं ने समाज को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल निर्माण कार्यों में लगे लोग ही श्रमिक नहीं हैं, बल्कि हम सभी प्रकृति के मजदूर हैं।

मिट्टी की सेवा करना और पर्यावरण को संवारने के लिए पसीना बहाना ही सबसे बड़ा श्रम है। अभियान के अंतर्गत केवल समतल भूमि पर ही नहीं, बल्कि दुर्गम ढालू सतहों पर भी पौधे रोपे गए। इस वैज्ञानिक पहल का मुख्य उद्देश्य वर्षा के जल से होने वाले मिट्टी के कटाव को रोकना है, ताकि उपजाऊ मिट्टी बहने से बच सके और क्षेत्र की हरियाली बनी रहे।

फिट इंडिया क्लब द्वारा प्रतिदिन किए जाने वाले निस्वार्थ श्रमदान को आज सृष्टि संस्थान का भी मजबूत साथ मिला। बुद्ध पूर्णिमा पर शांति और करुणा के भाव के साथ किया गया यह कार्य ग्रीन गुना के संकल्प को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास है।

## जनगणना 2027 : तपती धूप के बीच घर-घर पहुंचे प्रगणक

### 33 बिंदुओं पर जुटाई जा रही जानकारी



**जागरण, गुना।** जिले में जनगणना 2027 के पहले चरण का औपचारिक शुभारंभ आज से हो गया है। इस चरण के तहत प्रगणकों ने घर-घर जाकर मकान सूचीकरण और आवासीय विवरण एकत्र करने का मोर्चा संभाल लिया है। विशेष बात यह है कि फील्ड पर जाने से पहले जिले के करीब 8500 नागरिकों ने स्वगणना के माध्यम से ऑनलाइन जानकारी दर्ज कराई है। आज पहले दिन प्रगणकों ने सुबह 8 बजे से ही बस्तियों में दस्तक देना शुरू कर दिया। प्रशासन के निर्देशानुसार, नागरिकों से उनके मकान की स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं से जुड़े कुल 33 बिंदुओं पर डेटा संकलित किया जा रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रगणकों के कार्य समय में बदलाव किया गया है; अब वे सुबह 8 से 12 और शाम 4 से 7 बजे के बीच ही सर्वे का कार्य करेंगे। कलेक्टर किशोर कन्याल ने इस महत्वपूर्ण कार्य को दो सप्ताह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा है। कार्य की निगरानी के लिए प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक तैनात किया गया है।